तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 24 नवंबर 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 धान बीज बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी कंपनी के ...

13 डीलर से रंगाई पोताई का काम करा लेते हैं सरपंच, सचिव


## खबर संक्षेप




### चलित थाना में एसडीओपी ने किया ग्रामीणों को जागरूक

फरसगांव। कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देश पर फरसगांव ब्लाक के उरंदाबेड़ा थाना क्षेत्र ग्राम कसई फरसगाँव में शनिवार को चलित थाना का आयोजन किया गया। फरसगांव एसडीओपी अनिल कुमार विश्वकर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों और बच्चो को साइबर ठगी, ऑनलाइन ठगी, पॉक्सो एक्ट, बाल अपराध , महिला अपराध, यातायात नियमों सहित विधिक साक्षरता के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही बाहरी व्यक्ति फेरी वाले को गांव में घूमने से मना करने कहा गया , साथ ही संदिग्ध व्यक्ति नजर आने पर तत्काल थाने में सूचना देने कहा गया ताकि अप्रिय घटना होने से रोका जा सके।

### मितानिनों को साड़ी व श्रीफल देकर किया गया सम्मानित




फरसगांव। फरसगांव क्षेत्र के ग्राम बानगांव और माकड़ी क्षेत्र के ग्राम रांधना में शनिवार को मितानिन दिवस मनाया गया । ग्राम बानगांव के पंचायत भवन में गांव क्षेत्र के मितानिनों को सरपंच श्रीमती श्यामा नेताम के द्वारा साड़ी भेट कर बधाई दी गई । वही ग्राम रांधना के पंचायत भवन में मितातन दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कर सरपंच अमरलाल मंडावी के द्वारा उपस्थित मितानिनों को साड़ी और श्रीफल भेट कर उन्हे सम्मानित करते हुए बधाई दी गया। इस दौरान बानगांव क्षेत्र के स्वस्थ विभाग के माया नेताम, गायत्री पावर, युवराज नेताम , मितानिन किरण जैन सहित अन्य मितानिन और रांधना क्षेत्र के मितानिन उपस्थित थे ।

### रेडक्रॉस सोसायटी की 158 ने ली आजीवन सदस्यता

कोण्डागांव। कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा का संचालन किया जा रहा है। उक्त सोसायटी के अन्तर्गत 158 लोगों के द्वारा आजीवन सदस्यता लिया गया है। सोसायटी में अपने सदस्यता के संबंध में किसी प्रकार की समस्या होने पर 27 नवम्बर तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# पुरुष नसबंदी पखवाड़े का शुभारंभ, डा. सिंह ने रथ को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देश पर कोंडागांव जिले में 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ डॉ. आर.के. सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रचार–प्रसार के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डॉ. भावना महलवार डीपीएम और स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. सिंह ने जनसामान्य से कहा है कि जिन परिवारों में दो या अधिक बच्चे हैं। वे इस पखवाडे. में भाग लें और नसबंदी करवाकर अपने परिवार को खुशहाल बनाएं।

## परिवार की खुशहाली के लिए नसबंदी जरूरी

### जागरूकता रथ करेगा गांव-गांव में प्रचार

नसबंदी पखवाड़ा के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशेष सारथी रथ तैयार किया गया है। जो जिले के प्रत्येक विकासखंड और गांव में जाकर पुरुष नसबंदी के लाभ और परिवार नियोजन के महत्व पर जागरूकता फैलाएगा। यह पति–पत्नी मिलकर परिवार नियोजन की बात करें जैसे स्लोगन के माध्यम से लोगों को प्रेरित करेगा।




### प्रोत्साहन योजना का लाभ

पुरुष नसबंदी के लिए स्वास्थ्य विभाग ने प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया है। नसबंदी करवाने वाले हितग्राहियों को 3000 रुपये की राशि दी जाएगी। साथ ही, प्रेरणा देने वाले व्यक्तियों जैसे मितानिन, एएनएम, आरएचओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता या अन्य किसी को 400 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल जनसंख्या नियंत्रण बल्कि परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में भी मददगार होगा। डॉ. सिंह ने कहा कि पुरुष नसबंदी को लेकर अब भी कई भ्रांतियां हैं जिन्हें दूर करना जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग का यह अभियान इसी दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है। विभाग की टीम गांव–गांव जाकर नसबंदी के सुरक्षित और सरल प्रक्रिया की जानकारी देगी और लोगों को इसके प्रति जागरूक करेगी। यह अभियान परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जनसंख्या नियंत्रण में पुरुषों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य लेकर चलाया जा रहा है। पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का यह आयोजन जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने और खुशहाल परिवारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## प्रतियोगिता : 14 से 17 एवं 17 वर्ष से अधिक के खिलाड़ी कुल 11 खेलों में होंगे शामिल

# बस्तर ओलंपिक का सांसद ने किया शुभारंभ चार ब्लाक के 1500 खिलाड़ी दिखाएंगे दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

■ बीजापुर पहुंचे सांसद , खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

मिनी स्टेडियम में बस्तर ओलंपिक का जिला स्तरीय आयोजन का शुभारंभ सांसद महेश कश्यप के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित व ध्वाजारोहण एवं खेल भावना से खेलने के लिए खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को शपथ के पश्चात हुआ। प्रतियोगिता में जिले के चारों विकासखंड भोपालपटनम, उसूर, भैरमगढ़ एवं बीजापुर के ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित 1500 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे है।खेल प्रतियोगिता में आयु वर्ग 14 से 17 एवं 17 वर्ष से अधिक खिलाड़ी कुल 11 खेलों में शामिल हुए हैं।

शुभारंभ के दौरान कन्या शिक्षा परिसर, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। महेश कश्यप ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मैं कबड्डी प्लेयर रह चुका हूं। राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी खेला हूं। उन्होंने बस्तर ओलंपिक को ऐतिहासिक आयोजन करार देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि बस्तर में उत्कृष्ट खिलाड़ियों की कमी नहीं है। उनके खेल प्रतिभा को निखारने और नई पहचान देने में बस्तर ओलंपिक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आज खिलाड़ी जोश और उत्साह से भरे हुए खेल भावना का परिचय देकर अपनी योग्यता मैदान में दिखा रहे है। बीजापुर ने हमेशा खेल के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाई है। यहां के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बीजापुर और छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया है। बस्तर ओलंपिक के बाद और भी उत्कृष्ट खिलाड़ी मिलेंगे। खेल के साथ-साथ बस्तर के युवाओं में अद्भुत क्षमता है। जिसके सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आज बीजापुर के अंदरूनी क्षेत्रों की प्रतिभा भयमुक्त होकर अपने अदम्य साहस का परिचय मैदान में दे रहे है। विष्णु के सुशासन से यह संभव हो रहा है। नियद नेल्लानार क्षेत्रों में अब विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। जिससे ग्रामीणों में नई उम्मीद की किरण जागी है। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कि बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को दिया है। उनके प्रतिभा को निखारने उनको सही जगह देने का काम किया है। खेल के क्षेत्र में बीजापुर ने कई कीर्तिमान स्थापित किया है। कलेक्टर संबित मिश्रा ने बस्तर ओलंपिक के खिलाड़ियों के उच्च स्तरीय खेल कौशल की प्रशंसा करते हुए कहा कि संभाग स्तर में बीजापुर के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहेगा और बीजापुर कई खेलों में विजेता बनेगा।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम उपाध्यक्ष कमलेश कारम, नगरपालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुकलाल पुजारी, पार्षद नंदकिशोर राणा, श्रीनिवास मुदलियार सहित जनप्रतिनिधि अधिकारी व नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।







# सिटी ग्राउंड कांप्लेक्स की दुकान पर कब्जा 15 हजार का जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर पालिका निगम के आयुक्त निर्भय कुमार साहू के निर्देश पर शहर के सिटी ग्राउंड मैदान में बने नगर निगम के व्यवसायिक काम्प्लेक्स के ऊपर दुकान को किराए पर दिया गया है। जिस पर दुकानदार के द्वारा निगम को बिना सूचना के अतिक्रमण कर नया निर्माण किया जा रहा था। जिसको संज्ञान में लेते हुए आयुक्त ने संबंधित दुकानदार पर 15000 का जुर्माना करते हुए 24 घंटे के अंदर उक्त अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया है जिसके लिए निगम राजस्व विभाग ने संबंधित दुकानदार पर जुर्माना एवं अतिक्रमण हटाने के संबंधी नोटिस दिया है। आयुक्त के इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कम्प्प है। शहर के अन्य क्षेत्रों में निगम के किराए दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर दुकान का विस्तार करने की लंबे समय से शिकायत आ रही थी। गीदम रोड,संजय बाजार,शहीद पार्क चौपाटी,दन्तेश्वरी मन्दिर चौपाटी,कुम्हारपारा बाजार क्षेत्र व धरमपुरा क्षेत्र की निगम के किराए की दुकानों को अतिक्रमण कर विस्तार किया गया है। आयुक्त की नजर शहर के अन्य क्षेत्रों की किराए की दुकानों पर है। उन्होंने राजस्व विभाग के मैदानी अमले से निगम की सभी किराए के दुकानों की सूची मंगवाई है।

# नौकरी के नाम पर 39 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

■ आरोपी संतोषी नगर रायपुर से गिरफ्तार, दिया चेक हुआ बाउंस

विभिन्न विभागों में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने संतोषी नगर रायपुर से गिरफ्तार कर बीजापुर न्यायलय में पेश किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक भैरमगढ़ निवासी सहदेव राम निषाद पिता मंगलू राम निषाद उम्र 55 निवासी कोष्टापारा ने भैरमगढ़ थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपी भुवनेश देवांगन संतोषी नगर रायपुर द्वारा अलग-अलग विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर आवेदक व अन्य लोगों से 38.50 लाख रुपये नगद व चेक के माध्यम से वर्ष 2022-2023 में लिए थे। नौकरी नहीं लगने पर प्रार्थी व अन्य लोगों के द्वारा लगातार पैसे वापस करने भुवनेश को कहा गया। इसके बाद आरोपी भुवनेश देवांगन द्वारा वर्ष 2023-2024 में पैसे वापस करने के नाम पर 8.00 लाख रुपये व 4.50 लाख रुपये का चेक प्रार्थी को दिया गया। जिसे कैश करने बैंक में जमा करने पर कैशियर द्वारा खाते में पैसा नहीं होना बताया गया। इसके बाद आरोपी द्वारा अब तक केवल 106000 रुपये प्रार्थी को वापस किया गया। आरोपी द्वारा अलग-अलग विभागों में नौकरी दिलाने के नाम पर 38.50 लाख की धोखाधड़ी करने के संबंध में प्रार्थी द्वारा भैरमगढ़ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर भैरमगढ़ थाना में अपराध क्रमांक 19/2024 धारा 420 भादंवि कायम कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान आरोपी भुवनेश देवांगन को रायपुर से गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया।



# आश्वासन मिलने पर प्लेसमेंट कर्मचारियों का हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ महापौर धरना स्थल पहुंच, कर्मियों को दिया भरोसा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के पहल पर शनिवार को महापौर सफीरा साहू एमआईसी सदस्यों के साथ 5 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठे नगर निगम प्लेसमेंट कर्मचारियों से कृषि उपज मंडी धरना स्थल पर मिलने पहुंची। उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों से जनता से जुड़े मूलभूत सुविधाओं और जनता को हो रही परेशानियों को समझ अनिश्चितकालीन हड़ताल को समाप्त करने का आग्रह किया। साथ ही प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगो को सहानुभूति पूर्वक छत्तीसगढ़ शासन को अवगत कराने संबंधी आश्वस्त किया। पांच दिनों से हड़ताल पर बैठे प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की। सभी कर्मचारी रविवार से अपने-अपने काम पर वापस लौटेंगे। महापौर सफीरा साहू एवं एमआईसी सदस्यों ने निगम के प्लेसमेंट कर्मचारियों से बातचीत करने के बाद एमआईसी की बैठक आहूत की। जिसमें प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगों को मेयर इन काउंसिल की बैठक में चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से अनुशंसा कर प्राप्त पत्रानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतू शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया। इस दौरान एमआईसी सदस्य यशवर्धन राव, नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, भारती श्रीवास्तव, दयावती देवांगन, निर्मल पाणिग्रही, नेहा ध्रुव, वरिष्ठ पार्षद संजय पांडे, पार्षद त्रिवेणी रंधारी, नीलम यादव, आयुक्त श्री निर्भय कुमार साहू एवं कर्मचारी संघ के दुष्यंत ठाकुर, शक्ति वेल, मुन्ना नायक एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।




## स्वास्थ्य सेवा को सशक्त बनाने में है महत्वपूर्ण भूमिका

# भाजपा ने मितानिनों का शाल व श्रीफल देकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

■ मितानिनों का योगदान अतुलनीय, समाज होता है लाभान्वित

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय कोंडागांव में आज मितानिन दिवस के अवसर पर मितानिन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में नगर के सभी वार्डोर् की मितानिन बहनों और कर्मचारियों का सम्मान किया गया। उन्हें श्रीफल और शाल भेंट कर उनकी सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा और नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने मितानिन बहनों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि मितानिन बहनें वार्ड और ग्राम पंचायत स्तर पर बीमारियों और समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान में सहयोग करती हैं। उनका सेवा भाव अन्य लोगों को भी प्रेरित करता है। मितानिन बहनों की मेहनत और सेवा कार्योर् को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजन – इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों, जिनमें दयाराम पटेल, संतोष पात्रे, बाल सिंह बघेल, जितेंद्र सुराना, ईना श्रीवास्तव, लक्ष्मी ध्रुव, सोनामणि पोयाम, और मीनू कोर्राम शामिल रहे, ने मितानिन बहनों का आभार किया। यह आयोजन मितानिन बहनों की मेहनत और सेवा कार्योर् को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया। जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रें में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित मितानिन बहनों और कर्मचारियों में पिलाराम पडेसर, बिंदिया देवांगन, सीमा जयसवाल, सुशीला बाज, आरती नेताम, ललिता नेताम, सावित्री यादव, सावित्री पाल, प्रीति रजत, सुशीला ठाकुर, रेणुका, सुनीता पटेल, लता पटेल, सरिता सोरी, ईश्वरी बैद, नर्सवती नेताम, झरना मण्डल, मीना मंडावी, सीता, नम्रता श्रीवास्तव, मिनिषा पोपटानी सहित अन्य उपस्थित रहे।




पाठक सूचना
सुकमा एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
ब्यूरोचीफ : जयदीप सिंह भदौरिया, सुकमा जिला
दीप न्यूज एजेंसी
पता : मो. अनवर पटनमपारा सुकमा
मो. 9149027841

## खबर संक्षेप



### गट्टासिल्ली के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**नगरी।** गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल गट्टासिल्ली के संचालक आकाश नेताम के मार्गदर्शन में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण एवं पिकनिक का आनंद लिया फरसियां में मां महामाई की पूजा-अर्चना कर विभिन्न खेलकूद का आनंद लिया। क्रिकेट,पिट्ठुल, रस्साकसी जैसे खेलों का रोमांच रहा। कार्यक्रम के अतिथि नीरज सोन प्राचार्य फरसियां स्कूल के माध्यम से बच्चों को श्रृंगी ऋषि, मां महामाई और महानदी के उद्गम की कहानी सुनाई गई। इस अवसर पर भृंगु ऋषि आश्रम के पुजारी विष्णुराम नेताम, कन्हाईराम मरकाम, विशेष अतिथि जवाहर मरकाम महामाई मंदिर अध्यक्ष, भूपेंद्र कुंजाम सचिव उपक्षेत्र महामाई फरसियां का सहयोग रहा। इस अवसर पर कमलनारायण सेन, भूमिका मंडावी, सरस्वती महिलांगे, दामिनी ध्रुव, मीनाक्षी नेताम, प्रियांशु तिर्की, रेशमा मरकाम, सुरेश कश्यप, डाकेश नेताम, मधु नेताम, रमशीला यादव, साबिर अहमद खान, दीपक सोनवानी, रूपेश मरकाम, श्रीराम नेताम, महेश्वर साहू मौजूद थे।

### मुरा के स्कूलों को मिला प्रोजेक्टर



**जीजामगांव।** संजीव सार्वा संयुक्त सचिव मानव अधिकार परिषद संभाग रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला मुरा तथा प्राथमिक शाला मुरा को संयुक्त रूप से प्रोजेक्टर प्रदान किया गया है। प्रोजेक्टर प्रदान करते समय एबीओ प्रतिभा ध्रुव, बीआरसीसी कुलेश्वर सिन्हा, समन्वयक दुष्यन्त देवांगन, प्राचार्य ओझाराम साहू, उत्तम ध्रुव, कृष्णकुमार साहू, ईश्वरी बघेल, भावना कुर्रे, दुलारूराम साहू, योगीराज साहू, धनीराम साहू, योगेश साहू उपस्थित थे।

### भारत का इतिहास प्राचीन और समृद्धशाली है : ठाकुरराम



**नगरी।** लोकमाता रानी अहिल्याबाई बाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर व्याख्यानमाला का आयोजन डाईट नगरी में हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्यवक्ता आरएसएस के विभाग प्रचारक ठाकुरराम यादव, खण्ड कार्यवाहक गोकुलराम देवांगन, जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, खंड अध्यक्ष आरएल देव, उपाध्यक्ष गण अमिता दुबे, सुषमा आडिल, प्राचार्य पीएस राय थे। सरस्वती वंदना डाइट की निधि कोर्राम, छाया देवांगन एवं स्वागत गीत दीपिका कश्यप ने गाया। अतिथि परिचय आयोजन समिति के खंड सचिव अधिवक्ता तुलसीराम साहू ने दिया। प्रस्तावना उपाध्यक्ष सुषमा आडिल ने प्रस्तुत किया। वक्तागण अमिता दुबे, राजेश तिवारी, डॉ गोकुल देवांगन ने अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता राजिम विभाग के प्रचारक ठाकुरराम यादव ने कहा कि हमारा इतिहास बहुत प्राचीन और समृद्धिशाली है। उस समय इतिहासकारों ने चाटुकारिता पूर्ण इतिहास लिखे हमारे गौरव को छिपाया है।

# पुलिस आरक्षक की नौकरी के नाम पर ठगी, 3 आरोपी पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/केशकाल

पुलिस ने चंद घंटों में पुलिस आरक्षक की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर ठगी का पर्दाफाश किया है। आरोपियों से कुल 45,000 रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन और नौ एडमिट कार्ड जब्त किए गए हैं। तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जाएगा। प्रार्थी ने 14 नवंबर 2024 को थाना कोतवाली कोंडागांव में शिकायत दर्ज कराई थी कि जीवनलाल सोम नामक व्यक्ति ने पुलिस विभाग में भर्ती लगाने का झांसा देकर उससे और उसके साथियों से कुल 45,000 रुपये ठगे। शिकायत पर मामला थाना विश्रामपुरी को सौंपा गया। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार भा.पु.से. के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपतसिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में एक विशेष टीम गठित कर मामले की जांच शुरू की गई।

## आरोपियों ने तीन मोबाइल और नौ एडमिट कार्ड बरामद

### गिरफ्तारी और जब्ती हुई ये सामग्री

जांच के दौरान आरोपी जीवनलाल सोम को उसके घर से हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान उसके पास से 30,000 रुपये नकद और नौ एडमिट कार्ड बरामद किए गए। वहीं, आरोपी उदय शोरी से 7,000 रुपये और हेमलाल मरकाम से 5,000 रुपये बरामद किए गए।



### पुलिस की तत्परता से आरोपी हुए गिरफ्तार

गिरफ्तारी और जब्ती की कार्रवाई में थाना प्रभारी विश्रामपुरी निरीक्षक भुनेश्वर नाग, साइबर सेल के उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर, सउनि सुमंत कुमार भगत और उनकी टीम ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### आगे की कार्रवाई

गिरफ्तार आरोपियों को विधिवत सूचना देकर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस की सक्रियता और साइबर टीम के सहयोग से इस ठगी का पर्दाफाश संभव हो सका। जिला पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी से सतर्क रहें और ऐसी गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

**आरोप :** पीड़ित किसानों ने कहा- चंचल वैरायटी के धान के पौधों में बालियां ही नहीं फूटी

# धान बीज बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी कंपनी के खिलाफ 25 को करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

माकड़ी ब्लॉक के रांधना क्षेत्र और फरसगांव व विश्रामपुरी ब्लॉक के किसानों को ठगने का मामला सामने आया है। रांधना स्थित शंकर कृषि केंद्र के संचालक रमापति पाठक द्वारा विगरबायोटेक कंपनी की चंचल वेरायटी की धान बेचने का आरोप है। किसानों का कहना है कि उन्हें बीज की गुणवत्ता के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई थी। पाठक ने इस धान को उच्च गुणवत्ता वाला और अधिक उपज देने वाला बताकर बेचा। किसानों ने इसे बड़े पैमाने पर खरीदा और रोपा, लेकिन फसल में बालियां नहीं आईं।

### धरना देने की तैयारी

लगातार तीन महीने तक अधिकारियों और नेताओं के चक्कर काटने के बावजूद किसानों को केवल आश्वासन मिला। ऐसे में नाराज किसानों ने अब आंदोलन का निर्णय लिया है। शुक्रवार को किसानों ने फरसगांव एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने 25 नवंबर को फरसगांव हॉस्पिटल मैदान में 500 से अधिक किसानों के साथ धरना देने की घोषणा की। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो वे जल्द ही कोंडागांव कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे और अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठेंगे।



### किसानों की प्रमुख मांगें

*ठगे गए किसानों को क्षतिपूर्ति दी जाए, केसीसी लोन की राशि माफ की जाए, शंकर कृषि केंद्र को सील कर संचालक रमापति पाठक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए और उनका लाइसेंस रद्द किया जाए, विगरबायोटेक कंपनी को प्रतिबंधित किया जाए, ताकि ऐसी घटनाएं भविष्य में न हों। ज्ञापन सौंपने के दौरान माकड़ी, विश्रामपुरी और फरसगांव के कई किसान उपस्थित रहे। किसानों का कहना है कि यह आंदोलन केवल शुरुआत है, और उनकी मांगें पूरी न होने तक संघर्ष जारी रहेगा।*

### किसानों की समस्याएं और परेशानियां

फसल बर्बाद होने से किसान परेशान हैं। उन्होंने अपनी शिकायत पहले रमापति पाठक से की, लेकिन संचालक ने कोई जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया और कहा कि बीज उनकी दुकान पर केवल बिक्री के लिए है। इसके बाद किसानों ने एसडीएम, डीएम, विधायक और कृषि विभाग के अधिकारियों से भी संपर्क किया। हालांकि, जांच के बाद भी समाधान नहीं निकल पाया है। किसानों को अब केसीसी किसान क्रेडिट कार्ड लोन चुकाने की चिंता सता रही है। क्योंकि फसल नहीं होने से उनकी आय प्रभावित हुई है।

# गांजा तस्करी में संलिप्त दो आरोपी को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से एक पिट्ठू बैग और एक ट्रॉली बैग में छिपाए गए 15 किलोग्राम गांजे को जब्त किया, जिसकी कीमत लगभग 1,50,000 रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार भा.पु.से. के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र और एसडीओपी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में साइबर प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति बस स्टैंड, कोंडागांव में गांजे के साथ रायपुर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे हैं।



### टीम का विशेष योगदान

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय, सउनि दिनेश पटेल, प्र.आर. मिथलेस रजक, आरक्षक सुखी राजपूत, दिनेश नेताम, बुधसन कुलदीप और साइबर सेल की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कोंडागांव पुलिस ने इस कार्रवाई से जिले में अवैध नशीले पदाथोंर् के व्यापार पर कड़ा संदेश दिया है।

### गिरफ्तारी की प्रक्रिया रात में पूरी की गई

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी महताब 32 निवासी गोरीपुर, थाना बागपत, उत्तर प्रदेश, और एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया। उनके बैग से खाकी रंग के सेलो टेप में लिपटे कुल तीन पैकेट गांजा बरामद किए गए। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 ख के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी की प्रक्रिया रात 23:40 बजे पूरी की गई। आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद उनके परिजनों को सूचित किया गया।

# जिला बस्तर ओलंपिक के तीसरे दिन कोण्डागांव और बड़े राजपुर के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक के तीसरे दिन का आयोजन बड़े उत्साह के साथ विभिन्न खेल स्थलों पर संपन्न हुआ। बालक जूनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने एथलेटिक्स, कराते, खो–खो, व्हॉलीबॉल, कबड्डी और बैडमिंटन जैसे खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में कोंडागांव, फरसगांव, माकड़ी, बड़ेराजपुर और के श का ल विकासखंड के खिलाड़ी शामिल हुए। आज के विजेताओं को मुख्य अतिथि दीपेश अरोरा और सुश्री सोनमणी पोयाम पार्षद के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किए गए।

■ विजयी खिलाड़ियों का सम्मान किया गया

### खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

जूनियर बालक वर्ग के एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड़ में मनोज कुमार नाग, 200 मीटर में अक्षय कुमार और 400 मीटर दौड़ में किशन लाल मंडावी विजयी रहे। रिले रेस 400100 में सोमारू, अजय, सुकचंद, और पंचूराम की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। फील्ड इवेंट्स में शॉटपुट के विजेता कमलेश, डिस्कस थ्रो के नामदेव, जेवलिन थ्रो में पीतांबर और लंबीकूद में ज्योतिष मरकाम रहे, जबकि ऊंचीकूद में सहदेव मरकाम ने पहला स्थान पाया। बैडमिंटन में आर्यन नायडू ने एकल वर्ग में जीत दर्ज की, जबकि युगल वर्ग में शिवा साहू और मोहम्मद तहसीन रजा की जोड़ी ने बाजी मारी। कराते में जितेंद्र और सुमन मंडावी ने शानदार प्रदर्शन किया। खो–खो में कोंडागांव ब्लॉक, कबड्डी में बड़ेराजपुर ब्लॉक, और व्हॉलीबॉल में कोंडागांव की टीम विजेता रही। तीरंदाजी में भी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जूनियर बालक वर्ग में जयकिशन सोरी, बालिका वर्ग में रमशीला नेताम, सीनियर पुरुष वर्ग में रंजू सोरी, और सीनियर महिला वर्ग में सुशीला नेताम ने जीत दर्ज की।



### बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं

*23 नवंबर 2024 को बालिका वर्ग (14–17 वर्ष) की प्रतियोगिताएं आयोजित की। एथलेटिक्स, कराते, खो–खो, व्हॉलीबॉल, कबड्डी और बैडमिंटन जैसे खेल विकासनगर स्टेडियम, टाउन हॉल और अन्य स्थलों पर आयोजित हुई। जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक में बच्चों और युवाओं के उत्साह और प्रदर्शन ने आयोजन को विशेष बना दिया है। आयोजकों ने उम्मीद जताई है कि यह प्रतियोगिता खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और प्रोत्साहित करने में मील का पत्थर साबित होगी।*

### पुरस्कार और सम्मान

व्यक्तिगत खेलों में प्रथम स्थान पर रहने वालों को 2000 रुपये, द्वितीय स्थान पर 1500 रुपये, और तृतीय स्थान पर 1000 रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। वहीं, टीम इवेंट्स में प्रथम स्थान पर 4000 रुपये, द्वितीय स्थान पर 3000 रुपये, और तृतीय स्थान पर 2000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र, जबकि सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

# हरवेल विद्यालय के बाल मेले सजे व्यंजनों के स्टाल में खूब हुई बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल/विश्रामपुरी

कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरवेल प्रांगण में 23 नवम्बर को बाल दिवस सह बाल मेला का आयोजन किया गया था जिसमें विभिन्न व्यंजनों की स्टाल लगाए गए थे विधार्थियों और शिक्षकों ने जमकर खरीदारी की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों द्वारा बनाए विभिन्न पकवान और खेल के माध्यम से भावी जीवन में आगे बढ़ने को प्रोत्साहन देना रहा। जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत शाला के प्रभारी प्राचार्य रामसाय नाग एवं शिक्षकों और छात्रों द्वारा मां सरस्वती एवं जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र में माल्यार्पण से किया गया। इसके पश्चात बालदिवस के अवसर पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री चाचा नेहरू के बच्चों के प्रति प्रेम के कारण मनाया जाना को उल्लेखित किया गया। इसी तरह विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया था जिसमें खेल में कुर्सी दौड़, आलू दौड़, जलेबी दौड़, रेलगाड़ी छुक छुक जैसे आयोजन किया गया । तत्पश्चात समस्त छात्र छात्राओं का स्वागत शिक्षक–शिक्षिकाओं द्वारा गुलाल व पुष्प वर्षा से किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12 वी के शालानायक अमीषा मरकाम, ममता मरकाम और ज्योति के द्वारा किया गया। इसमें संस्था के प्रभारी प्राचार्य रामसाय नाग, गजेन्द्र कुमार गंगबेर ,भागवती भेड़िया, दयावती नेताम,पुनेश वर्मा, चन्दुलाल मरकाम संदीप कुमार कोर्राम, सरिता मरकाम, एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।



विधायक ने ग्राम सेमरा (सि) में किया करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण

# गांव को आत्मनिर्भर इकाई बनाएं ग्रामीण : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद

विधायक अजय चंद्राकर ने ग्राम पंचायत सेमरा (सि) में करीब सवा करोड़ रुपये की लागत से हुए विभिन्न विकास कार्यों का बतौर मुख्य अतिथि लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क सहित आधारभूत अधोसंरचना का विकास प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। श्री चंद्राकर ने गुरुवार को ग्राम पंचायत सेमरा (सि) व आश्रित ग्राम खपरी में करीब सवा करोड़ रुपये की लागत से बने पानी टंकी, कव्हर्ड शेड, सीसी सड़क, स्कूलों में बने अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने जोरातराई हाईस्कूल, सिलौटी महाविद्यालय एवं कोर्रा में खुले नवीन आईटीआई का जिक्र कर कहा कि ये सभी सुविधाएं इसलिए हैं कि ग्राम स्तर पर आवश्यक अधोसंरचना सुनिश्चित बनाकर गांव को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज बेहतर आर्थिकी के लिए आधार का कार्य करता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपने गांव और ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर इकाई के रूप में विकसित करें। इस अवसर पर भाजपा नेतागण आनंद यदु, भीमदेव साहू, चोवाराम गंजीर, भोला राम साहू, सरपंच जोरातराई सविता गंजीर, सेमरा खिलेश्वरी निषाद, कोर्रा चोवाराम साहू, गीतेश्वरी साहू, कामता निषाद, उमेश देवांगन, त्रिकेश निषाद, कामता सिन्हा, रेणु साहू, रामचंद्र राव, नारद साहू, संत दावना, शेखर साहू, मोहन सिन्हा, प्रेमचंद, गिरधर देवांगन, सेवक राम सिन्हा सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।



Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर ◉ भिलाई ◉ बिलासपुर ◉ रायपुर ◉ जगदलपुर ◉ कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS Authorized dealer | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## आयुष विभाग की टीम ने किया स्वास्थ्य परीक्षण

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र एवं बौद्धिक मंद बालक विशेष विद्यालय बीजापुर में आयुष अधिकारी जिला बीजापुर एवं उनके टीम के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत संबंधित दिव्यांगों को सर्दी, खांसी, बुखार इत्यादि का दवाई वितरण किया गया। साथ ही नशामुक्त भारत अभियान के प्रचार-प्रसार एवं नशा से कैसे दूर रहे, इससे होने वाले बीमारी तथा जिले में सचालित होने वाले नशामुक्त केन्द्र के बारे में अवगत कराया गया एवं बच्चों को अपने पढ़ाई-लिखाई, में ध्यान देने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही आयुष विभाग के टीम, पुनर्वास केन्द्र के सभी अधिकारी-कर्मचारी एवं दिव्यांग बच्चों ने नशामुक्ति के लिए शपथ एवं संकल्प लिया। इस अवसर पर कमलेश कुमार पटेल उप संचालक समाक कल्याण, डॉ. राकेश ठाकुर जिला आयुष अधिकारी, डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह, दुरगैया गुरला फार्मासिस्ट, जयश्री दुर्गम औषाधालय सेवक, क्लिनिकल सायकोलॉजिस्ट विल्सन मनहरे एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# बस्तर ओलम्पिक ग्रामीण खेल प्रतिभाओं के लिए अद्भुत मंच : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



बस्तर ओलंपिक के विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का शुक्रवार को वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जिला सुकमा केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। जिला मुख्यालय मिनी स्टेडियम सुकमा में प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर आयोजित प्रदर्शन मैच में पहुंचकर प्रभारी मंत्री केदार कश्यप और जनप्रतिनिधियों ने कबड्डी और रस्साकशी के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और हौसला बढ़ाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

- **जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक में हजारों खिलाड़ी निभा रहे सक्रिय सहभागिता**

इस अवसर पर मंत्री कश्यप ने जिलेवासियों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक ग्रामीण क्षेत्र के खेल प्रतिभाओं को एक अदभुत मंच प्रदान करता है। उन्होंने खिलाड़ियों से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले, प्रदेश और देश का नाम रोशन करने को कहा। मंत्री ने बताया कि बस्तर ओलंपिक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल का परिणाम है। इस आयोजन से न केवल खेल भावना का विकास होगा, बल्कि युवाओं को अपने जीवन में अनुशासन और हार-जीत के महत्व को समझने का अवसर मिलेगा। उन्होंने जिले में विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।

साथ ही नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से नक्सल उन्मूलन अभियान को भी नई ऊर्जा मिली है। इस वर्ष बस्तर ओलंपिक में लगभग 10 हजार खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया जिनमें से 1,025 खिलाड़ी अपने-अपने खेल विधाओं में प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन में क्षेत्रीय और पारंपरिक खेल विधाओं को शामिल कर स्थानीय खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की कोशिश की गई है। इस मौके पर खिलाड़ियों को सच्ची खेल भावना से खेल में भाग लेने की शपथ दिलाई गई। मंत्री कश्यप ने पुलिस प्रशासन को आज भेज्जी में हुए मुठभेड़ की सफलता के लिए भी बधाई दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक एवं पार्टी पदाधिकारी धनीराम बारसे ने सभी प्रतिभागियों को बस्तर ओलंपिक के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा और प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में बारसे ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन युवाओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित करेगा और जिले का गौरव बढ़ाएगा।

बस्तर ओलंपिक के माध्यम से क्षेत्रीय खेल और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जगन्नाथ साहू, हुंगाराम मरकाम, अरूण सिंह भदौरिया, सन्नू कोरसा, डमरू नाग, विश्वराज चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि और कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, डीएफओ अशोक कुमार पटेल, अपर कलेक्टर गजेन्द्र ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मधु तेता सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी और गणमान्य नागरिकों सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## डबल इंजन की सरकार ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल प्रदाय करने में नाकाम





हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

दंतेवाड़ा जिले में आज भी कई ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की भारी समस्या है, आज भी ग्रामीण शुद्ध पेयजल की इंतजार में है। आप को बता दें कि दंतेवाड़ा से बैलाडीला की मुख्य सड़क से लगे भांसी ग्राम पंचायत में कई घरो में नल जल कनेक्शन तो दिया गया है लेकिन नल तो है पर उस नल में आज तक जल नहीं पहुंचा है। योजना भले ही अधूरी हो परंतु विभाग व प्रशासन नल जल योजना की तारीफ करते नहीं थक रहा लेकिन सच्चाई यह है कि आज भी मुख्य सड़क हो या ग्रामीण क्षेत्रों में कई परिवार पानी की समस्या से परेशान हैं। आज भी कही पानी की टंकिया अधूरी है तो कही सोलर हैंड पम्प का कार्य अधूरा है। इसके वावजूद नल जल योजना के विभाग के अधिकारियों के प्रति जिला प्रशासन के द्वारा कोई ठोस कदम अब तक नहीं उठाया गया है। योजना के निर्माण कार्य में भी सवाल खड़े हो रहे है जल नल कनेक्शन में डीआई पाईप की जगह पीसीसी पाईप का उपयोग किया जा रहा है जिस्से पाईप कई जगहों पर छतिग्रस्त हो रहा है।

## खिलाड़ियों ने दिखाया खेल में अपना दम



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय मेगा बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता का विधिवत समापन विधायक चैतराम अटामी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण-पत्र ससम्मान प्रदान किया गया। मेगा बस्तर ओलंपिक के समापन अवसर पर सम्बोधित करते हुई विधायक अटामी ने कहा कि खेल ऐसा माध्यम है जो हमारे तन-मन को स्वस्थ रखता है और स्वस्थ रहेंगे तभी हम आगे बढ़ने के सभी अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। बस्तर के युवाओं में कई प्रकार की विधाओं में प्रतिभा कूट कूट कर भरा है। खेल विधा के द्वारा व्यक्ति को मानसिक, शारीरिक विकास के साथ-साथ नाम कमाने और रोजगार के अवसर मिलते है। इस अवसर पर उन्होंने सभी विख मुख्यालय में एक-एक सेट कबड्डी मेट देने की भी घोषणा किया। इसके अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

इस दौरान कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सभी संभाग स्तर के लिए चयनित खिलाड़ियों का संभाग स्तरीय आयोजन के पूर्व 7 दिवस का कोचिंग कैंप रखने को भी कहा। जिसमें एनआईएस कोच द्वारा उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया जावेगा। इस प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण रायपुर से आये नुक्कड़ कलाकार एवं मुख्य अतिथियों के समक्ष महिलाओं का रस्सा-खीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिलाओं की रस्सी खीच प्रतियोगिता में विख दंतेवाड़ा के मंगनार की महिलाओं ने विख कटेकल्याण की महिला टीम को शिकस्त दी।

ज्ञात हो कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता के दो दिवसीय आयोजन में सभी विकासखंडों के लगभग 950 खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर महिला एवं पुरुष वर्ग में आयोजित की गई थी। इस के अतिरिक्त हॉकी एवं वेटलिफ्टिंग के लगभग 150 खिलाड़ियों ने सीधे जिला स्तर पर भाग लिया।

इस आयोजन में तीरंदाजी जूनियर पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान मनीष कुमार विखं गीदम, कराते में प्रथम स्थान रोहन कटेकल्याण, वेटलिफ्टिंग में प्रथम स्थान अक्षत साहू कुआकोंडा एवं कटेकल्याण, कबड्डी दंतेवाड़ा, व्हालीबाल गीदम, खो-खो कटेकल्याण, फुटबॉल कुआकोंडा, हॉकी गीदम विजेता बने। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम, नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी एवं कर्मचारियों, शिक्षक एवं व्यायाम शिक्षक उपस्थित थे।

## क्रॉप डॉक्टर मोबाइल ऐप पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

आदिवासी क्षेत्रों में कृषि को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने, डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने और कृषि उत्पादन में सुधार करने के उद्देश्य से फसल (क्रॉप) डॉक्टर मोबाइल ऐप पर इंगाकृविवि रायपुर के कृषि सांख्यिकी विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र गीदम दन्तेवाडा के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी किसानों को इस ऐप का उपयोग करना सिखाना था, जिससे वे अपनी फसलों की निगरानी कर सकें और कृषि से संबंधित समस्याओं का समाधान पा सकें। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जसवीर नेगी प्रदेश अध्यक्ष, मानवाधिकार परिषद, डॉ. प्रवीण कुमार निषाद प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, केवीके, दंतेवाड़ा एवं डॉ. डीपी सिंग, वैज्ञानिक, कृषि संख्यिकी विभाग, इंगाकृ विवि रायपुर द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा-आरती कर किया गया। कार्यक्रम में कृषि



सांख्यिकी विभाग के वैज्ञानिक डॉ. डीपी सिंग एवं तकनीकी सलाहकारों ने किसानों को क्रॉप डॉक्टर ऐप के विभिन्न फीचर्स के बारे में जानकारी दी। ऐप का उपयोग करके किसान अपनी फसल की स्थिति का विश्लेषण कर सकते हैं, बीमारियों की पहचान और निदान कर सकते हैं तथा उर्वरकों एवं कीटनाशकों का उचित सुझाव प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य अतिथि का संबोधन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेगी ने कहा डिजिटल तकनीक आज के समय की आवश्यकता हैं। आदिवासी क्षेत्रों में खेती को सशक्त बनाने के लिए यह प्रशिक्षण एक बड़ा कदम है। इससे न केवल किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि वे बाजार के साथ सीधे जुड़कर अपनी उपज का उचित मूल्य भी प्राप्त कर सकेंगे।




## खबर संक्षेप

### मनोज कुमार साहू नए डीआरएम



जगदलपुर। वाल्टेयर डिवीजन के एडीआरएम (ऑपरेशंस) मनोज कुमार साहू को ईस्ट कोस्ट रेलवे के वाल्टेयर डिवीजन के मंडल रेल प्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। मनोज कुमार साहू ने वीर सुरेंद्र साई प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बुर्ला से बीई-इलेक्ट्रिकल में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। उत्कल विश्वविद्यालय से पीजीडीएचआरएम और आंध्र विश्वविद्यालय से एमबीए की डिग्री हासिल की। मनोज कुमार साहू के पास रेलवे में 26 वर्षों से अधिक का विविध अनुभव है और उन्होंने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे विभिन्न पदों पर कार्य किया है।

# वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, प्रथम नियुक्ति से ओपीएस को लेकर मिले विधायक से

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के चरणबद्ध आंदोलन के तहत शनिवार को मोदी की गारंटी लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल से मिलकर अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मांगपत्र सौपा।

- मोर्चा के द्वारा 25 नवंबर को राजधानी में इंद्रावती भवन से महानदी भवन तक पैदल मार्च



शिक्षक मोर्चा के ब्लाक संचालक शत्रुघ्न कश्यप ने बताया कि हमारी पांच सूत्रीय मांगों में मोदी के गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर करना, क्रमोन्नत-समयमान वेतनमान प्रदान करना, समतुल्य वेतनमान (पुनरीक्षित वेतनमान ) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जाना, पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए पुरानी पेंशन प्रदान किया जाना, केंद्र सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जावे।

माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय के तहत सभी पात्र शिक्षको को क्रमोन्नति/ समयमान प्रदान किया जावे। केंद्र के समान 01 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाये तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ-सीजीपीएफ खाता में किया जाए।

इस दौरान शिक्षक मोर्चा के जिला सह संचालक फूलदास नागेश, जिला मिडिया प्रभारी नीलमणी साहू, ब्लॉक सह संचालक पुरुषोत्तम मौर्य, ललित बघेल, एस एस जॉन, रामप्रसाद ठाकुर, सितेंद्र साहू, निमाई साहू, तिलक जोशी तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री शिक्षकों की मांग शीघ्र पूरा करे

मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल से चर्चा उपरांत विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री को शिक्षकों की मांगें शीघ्र पूर्ण करने आग्रह करेंगे तथा पत्र लिख कर मांग करेंगे। वहीं मोर्चा के द्वारा आगामी 25 नवंबर को राजधानी रायपुर में इंद्रावती भवन से महानदी भवन तक पैदल मार्च कर ज्ञापन सौपा जायेगा।

## कैंसर पीड़ित को पार्षद के प्रयास से मिला कार्ड

### पार्षद का गुप्ता परिवार व वार्डवासियों ने माना आभार

हारिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कांग्रेस नेता एवं नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष वरिष्ठ पार्षद राजेश राय की संवेदनशीलता एवं सक्रियता से गंगानगर वार्ड निवासी साहेबदीन गुप्ता जो पेशे से हाटबाज़ार का धंधा करने वाले को तत्काल राशन कार्ड बनवा कर प्रदान किया गया। विदित हो की साहेबदीन गुप्ता की कैंसर जैसी गंभीर रोग से पीड़ित हैं तथा राशनकार्ड नहीं होने के कारण उन्हें आयुष्मान कार्ड का लाभ नहीं मिल पा रहा था। जिस पर उन्होंने पार्षद राजेश राय से मदद मांगी इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए संवेदनशील पार्षद राजेश राय ने तत्काल उन्हें राशनकार्ड बनवा कर उपलब्ध कराया जिससे की उनका समुचित उपचार हो सके..साहेबदीन गुप्ता तथा उनके परिजनों सहित वार्डवासियों ने पार्षद राजेश राय का हृदय से आभार व्यक्त किया।

- राजेश राय की सक्रियता से कैंसर पीड़ित को मिला राहत



## अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों ने जाना स्थानीय बाजार व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगलदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में अध्ययनरत बीए प्रथम वर्ष(अर्थशास्त्र) के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को कुड़कानार साप्ताहिक बाजार का शैक्षणिक उद्देश्य से भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने साप्ताहिक बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध वस्तुओं, उसके मूल्य, बिक्री की स्थिति, ग्रामीण खरीदारों की संख्या, बिक्रेताओं की आय ईत्यादि की व्यवहारिक जानकारी प्राप्त की। उपस्थित ग्राम पंचायत कुड़कानार के सरपंच सदन राम कश्यप ने विद्यार्थियों को साप्ताहिक बाजार संचालन प्रक्रिया की जानकारी दी। ज्ञात हो कि स्थानीय बाजार को ग्रामीण अर्थशास्त्र व्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। यह बाजार केवल खरीद-बिक्री का केंद्र नहीं होता बल्कि ग्रामीणों के लिए यह रोजगार का भी केंद्र होता है। यहां ग्रामीणों के जरूरत की हर छोटी-बड़ी मिल जाती है। नए नए मार्केट और मॉल खुलने के बावजूद शहर के लोग भी स्थानीय बाजार में खरीदारी करना पसंद करते हैं। इस अध्ययन दल का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. सुकृता तिर्की के मार्गदर्शन में प्रेमजीत निराला और पूजा ठाकुर , अतिथि व्याख्याता ने किया एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

## छग की जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह नकारा: किरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि रायपुर दक्षिण की जनता ने एक बार फिर बता दिया कि प्रदेश और शहर का विकास केवल भाजपा की सरकार ही कर सकती है। भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को प्रचंड जीत की बधाई देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए हर तरह की कोशिश की लेकिन रायपुर दक्षिण की जनता ने मोदी की विश्वसनीयता और प्रदेश सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर एक बार फिर कमल पर मुहर लगाया। प्रदेश के विकास लिए भाजपा हमेशा प्रतिबध्द रहती है। यह जीत जनता के भाजपा पर विश्वास की जीत है और कांग्रेस के झूठे वादों पर जनता का करारा तमाचा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने रायपुर दक्षिण उपचुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए भाजपा समस्त भाजपा कार्यकर्ता, रायपुर दक्षिण उप चुनाव संयोजक द्वय मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सभी मंत्रीगण, विधायकगण सहित सभी भाजपा पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि यह जीत मा .मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रही भाजपा सरकार के कार्यों की जीत है छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को फिर से एक बार पूरी तरह नकार दिया है छत्तीसगढ़ में अब भाजपा ही जनता की पसंद है जनता ने न सिर्फ जीत दी है बल्कि एक प्रचंड जीत देकर भाजपा के प्रति अपना अपार विश्वास व्यक्त किया है मैं जनता जनार्दन का बहुत-बहुत अभिवादन करता हूं।

## फार्मेसी के छात्र-छात्राएं दवा कैसे तैयार होता है इसका ले रहे प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




दंतेश्वरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बोरपदर में 63वें राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह का आयोजन बड़े ही भव्य और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर के विधायक लखेश्वर बघेल,विशिष्ट अतिथि के रूप में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष मिश्रा व हरिभूमि के वरिष्ठ संवाददाता अनिल सामंत उपस्थित थे,जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता दंतेश्वरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक व प्रोफेशर डॉ. स्तुति रंजन मिश्रा निदेशक, दंतेश्वरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा कॉलेज परिसर के निरीक्षण से हुई, जिसमें उन्होंने कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। इसके पश्चात छात्रों द्वारा आयोजित पोस्टर प्रस्तुति और मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। अतिथियों ने फार्मा एक्सपो में भी भाग लिया, जहां छात्रों ने टैबलेट, कैप्सूल, मलहम, लोशन तैयार करने और विभिन्न उपकरणों के संचालन का प्रदर्शन किया। अतिथियों ने छात्रों की प्रतिभा और उत्साह को देखकर खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष के छात्रों द्वारा 47 कॉस्मेटिक और फॉर्मूलेशन प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए थे, जिन्हें देखकर वे अत्यंत प्रभावित हुए। इसके बाद समापन समारोह का आयोजन हुआ।

समारोह में मुख्य अतिथियों ने फार्मेसी के क्षेत्र में दंतेश्वरी कॉलेज की उपलब्धियों की सराहना की और छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने घोषणा की कि वे सरकार को बस्तर जिले में फार्मा हब स्थापित करने के लिए अनुशंसा करेंगे, जिससे न केवल रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि फार्मेसी के छात्रों को भी लाभ मिलेगा। इसके अलावा, उन्होंने एससी और एसटी छात्रों की छात्रवृत्ति राशि बढ़ाने के लिए भी सरकार से बात करने का आश्वासन दिया।

### जर्जर मार्ग दुरुस्त करने विधायक का आश्वासन

छात्रों द्वारा रखी गई एनएच से कॉलेज तक सड़क निर्माण की मांग को जल्द से जल्द पूरा करने का वादा भी अतिथियों ने किया। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) स्तुति रंजन मिश्रा ने अतिथियों और उपस्थित छात्रों का धन्यवाद करते हुए कहा कि दंतेश्वरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

## मिशन ग्राउंड में मसीही समाज का विशाल आमसभा आज

जगदलपुर। मसीह समाज के ऊपर हो रहे लगातार अत्याचार, उनके सवैधानिक मौलिक अधिकारों के निरंतर हनन,गैर सवैधानिक ढंग से सरकार जिला प्रशासन द्वारा साम्प्रदायिक शक्तियों के प्रभाव में ब्लेस बस्तर महोत्सव के स्थगन आदेश के विरुद्ध एवं शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कब्रिस्तान की गंभीर माँग जैसे विषयों को लेकर 24 नवम्बर को दोपहर 3 बजे मिशन ग्राउंड में बस्तर के मसीह समाज विश्वासियों की विशाल आम सभा आयोजित किया जा रहा है ।उक्त जानकारी देते हुए ब्लेस बस्तर के सलाहकार नवनीत चांद एवं मीडिया प्रभारी शेमियल नाथ, मसीह समाज की तरफ से आह्वान करते हुए कहा है कि इस आम सभा मे समाज बेहतरी के लिए सभी पास्टर्स,मसीही लीडर,विश्वासी कृपया अपनी अनिवार्य उपस्थिति दें। जारी विज्ञप्ति में ब्लेस बस्तर के सलाहकार नवनीत एवं मीडिया प्रभारी शेमियल नाथ ने सयुंक्त बयान मे ने आगे कहा है कि आमसभा में आप सबकी उपस्थिति व सुझाव,राय से मसीही समाज उक्त गंभीर विषयों पर आगे की रणनीति तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अतः अधिक से अधिक उक्त आमसभा में मसीही जन अपनी उपस्थिति प्रदान करें।

## 15 दिनों के अतिरिक्त अर्जित अवकाश का आदेश जारी करने आवेदन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव अनिल गुप्ता, उपाध्यक्ष सुभाष पांडे, संजय चौहान तथा प्रमोद पांडे आदि का प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधिकारी जिला बस्तर से भेंट कर शिक्षकों के ग्रीष्म अवकाश अवधि में मुख्यालय नहीं छोड़ने के कारण 15 दिनों के अतिरिक्त अर्जित अवकाश का आदेश जारी करने की मांग की गई।

प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के समय अन्य विभागों के साथ-साथ शिक्षा विभाग के शिक्षकों को भी मुख्यालय नहीं छोड़ने के आदेश दिए गए थे। बस्तर जिले के समस्त शिक्षक संवर्ग अपने-अपने मुख्यालय में रहकर लोकसभा आम निर्वाचन 2024 संपन्न कराए। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 2010 के उप नियम 25, 26 व 27 के अनुसार ग्रीष्मावकाश अवधि में देय अतिरिक्त अर्जित अवकाश को शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में प्रविष्टि करने हेतु समस्त डी डी ओ को निर्देश जारी करने की मांग की गई। शिक्षा अधिकारी जिला बस्तर ने तत्काल संबंधित शाखा के लिपिक को बुलाकर आदेश बनाने का निर्देश दिया। शीघ्र ही इसका आदेश जारी हो जाएगा।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मितानीनों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर मोंगरापाल में मितानीन दिवस पर प्रतिवर्ष की भांति मितानीन दिवस पर सरपंच दुलब सूर्य वंशी द्वारा पुष्प गुच्छ से सम्मान किया। आयुष्मान कार्ड बनाने मे सहयोग कुष्ठ, टीबी, सिकलसेल, गर्भवती जांच, प्रसव, गंभीर कुपोषित, टीकाकरण, मानसिक रोग, मोतियाबिंद आदि के सर्वेक्षण कार्य अपने-अपने क्षेत्रों में स्वास्थ्य संयोजकों एवं सीएचओ के साथ घर-घर भ्रमण कर सहयोग प्रदान कर रही है। ग्राम पंचायत मोंगरपाल के सरपंच सहित एएनएम अनिता पाल, सीएचओ डॉली ठाकुर, पंच लक्ष्मी कश्यप, मितानीन कला भगवती, पुणोतिन, चिंता, मंगलदई शामिल रहे।

## छेड़खानी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में महिला व बच्चो संबंधी अपराधों में बस्तर पुलिस के द्वारा गंभीरता पूर्वक विशेष रूची लेकर संवेदनशीलता पूर्वक कार्य कर रही है। जिस तारतम्य में पीडिता को बुरी नियत से शरीर पकडकर छेडखानी करने वाले आरोपी को पकड़ने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। ज्ञात हो पीडिता के पिता ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 नवम्बर को गुजराती सामाज भवन में शादी प्रोग्राम चल रहा था। जहॉ पर हल्दी का कार्यक्रम उपर मंजिल मे था, बालकनी में इनकी पुत्री अपने बुआ के साथ नीचली तल मे भोज कार्यक्रम को देख रही थी कि रात्रि करीबन 9:40 बजे शादी समारोह मे एक अनजान लड़का जो बिना बुलाये आया था और बालकनी में खड़े होकर इसकी पुत्री को घुर रहा था, वहां से निकलते समय उस लड़के ने इनकी पुत्री को बुरी नियत से शरीर गर्दन,कमर को अपने हाथ से पकड़कर छेड़खानी किया। जिसका पीछा करने पर वह अनजान व्यक्ति दौडते हुये वहॉ से भाग गया है कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली जगदलपुर में अपराध पंजीबद्ध कर, अनुसंधान में लिया गया।

## धनपुंजी में शुरू आमचो बस्तर सांस्कृतिक क्लब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



हायर सेकंडरी स्कूल धनपुंजी में शनिवार को आमचो बस्तर सांस्कृतिक क्लब का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बस्तर के चिरपरिचित वरिष्ठ चिकित्सक व चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक डॉ. प्रदीप पांडेय, समाजसेवी रामनरेश पांडेय के करकमलों से किया गया। कार्यक्रम का आगाज अतिथियों का स्वागत कर किया गया। स्वागत गीत की प्रस्तुति की गई। डॉक्टर द्वारा बच्चों से मुखातिब होते हुए बच्चों को किशोरावस्था के बारे चर्चा की, स्वास्थ्य को सबसे बड़ी सम्पति बताई। भोजन के बारे में बच्चों से प्रश्न कर छात्रा टिशा साहू द्वारा त्वरित जवाब देने पर मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। समय पर भोजन व व्यवस्थित, संतुलित भोजन के महत्व बताया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य चन्द्रशेखर यादव, कुम्मर बेनीशिव, गजेन्द्र सिंह धुर्वे, आर अय्यर, समस्त महिला शिक्षिकाएं श्रीमती के हिरवानी, श्रीमती मिश्रा, श्रीमती मंजू मंडावी शामिल रहे।

## सत्य सांई बाबा के जन्मोत्सव पर भंडारा







हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भगवान श्री सत्य साई बाबा का 99 वें जन्मोत्सव समारोह 23 नवंबर तक संपूर्ण विश्व में साप्ताहिक कार्यक्रम के रूप में मनाया गया। शहर के मोती तालाब पर स्थित श्री सत्य साई सेवा समिति द्वारा शनिवार को मंदिर में सुबह ओंकारम, सुप्रभातम, ध्वजारोहण कर शहर के प्रमुख मार्गों में महिला एवं पुरुष भक्तों ने बड़ी संख्या में शहर के प्रमुख मार्गो में नगर संकीर्तन किया। नगर संकीर्तन निकली जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर में संपन्न हुई। उसके बाद विशाल नारायण सेवा (महाभंडारा) का आयोजन किया, जिसमें लोगों ने भगवान बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। इसी दिन 50 नारायणों में थाली, गिलास, कटोरी एवं टावेल का वितरण किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9149027841
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124